प्रादेषिक समाचार
आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 04.05.2025 समय : 18.30 पीएम

0000

- केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा –केन्द्र सरकार की नीतियों से देश में पर्यटन क्षेत्र में नए अवसर सृजित हुए।
- मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए आज देशभर के पांच हजार परीक्षा केन्द्रों पर नीट यूजी परीक्षा का आयोजन।
- भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बागीदौरा विधायक जयकृष्ण पटेल को रिश्वत के मामले में गिरफ्तार किया।
- प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से कई स्थानों पर आज भी आंधी, बारिश और कहीं कहीं ओलावृष्टि हुई–मौसम विभाग के अनुसार अगले सात दिन लू की संभावना नही।

000000

जयपुर में आज से द ग्रेट इंडियन ट्रेवल बाजार का 14वां संस्करण आयोजित किया जा रहा है। तीन दिन तक चलने वले इस आयोजन के तहत आज '**मीट इन इंडिया कॉन्क्लेव**' में केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों से देश में पर्यटन क्षेत्र में नए अवसर सृजित हुए हैं। उन्होंने हाल ही में हुए पहलगाम हमले से उत्पन्न परिस्थितियों पर कहा कि भारत जल्द ही इससे बाहर निकल आएगा और जम्मू–कश्मीर सहित देशभर में पर्यटन क्षेत्र फिर से नई ऊंचाईयों को छुएगा।

-----

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, नीति आयोग की उपाध्यक्ष सुमन बेरी सहित पर्यटन क्षेत्र से जुडे विशेषज्ञ और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस आयोजन का औपचारिक उद्घाटन आज शाम साढे सात बजे होगा।

गौरतलब है कि द ग्रेट इंडियन ट्रेवल बाजार में पर्यटन और ट्रेवल से जुड़ी तीन सौ से अधिक स्टॉल्स लगाई गई हैं। तीन दिवसीय इस प्रदर्शनी में देश–दुनिया के पर्यटन व्यवसायी, टूर ऑपरेटर और ट्रेवल विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं।

0000

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव की स्थिति में इस मुलाकात को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

0000

केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने आज सांसद संपर्क संवाद यात्रा के तहत कोटपूतली–बहरोड़ जिले के कई गांवों का दौरा किया। इस दौरान उनका कई स्थानों पर ग्रामीणों ने स्वागत किया। श्री यादव ने प्रवास के दौरान सभी गांवों में पौधे भेंट किए और सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार आमजन के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पबद्ध है। श्री यादव ने एक पेड मां के नाम अभियान को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बेहतरीन पहल बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से आमजन पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे सकता है।

-----

0000

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद – आई सी ए आर द्वारा विकसित भारत की जीनोम संवर्धित चावल की पहली दो किस्में जारी कीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज इन किस्मों से देश में चावल की पैदावार बढ़ेगी और उत्पादन लागत में कमी आएगी। श्री चौहान ने कहा कि आईसीएआर को अपने शोध को सीधे किसानों तक ले जाना होगा। कृषि मंत्री ने कहा कि बढ़ती आबादी की पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए उत्पादन बढ़ाने की जरूरत है।

-----

0000

प्रदेश में खान विभाग हरियालो राजस्थान अभियान के दौरान 20 लाख पौधे लगायेगा। विभाग के प्रमुख सचिव टी रविकांत ने विभागीय अधिकारियों को मानसून से पहले पौधारोपण के लक्ष्य जारी करने के साथ ही आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए हैं। टी. रविकान्त ने बताया कि अभियान के दौरान पौधारोपण में माइन्स धारकों, माइनिंग एसोसिएशनों, विभागीय अधिकारियों और बड़े माइनिंग संस्थानों की सहभागिता तय की जाएगी। अभियान के दौरान छायादार–फलदार वृक्षों में नीम, बड़, पीपल, आम, शहतूत, शीशम, गुलमोहर, अशोक, जामुन तथा भौगोलिक स्थितियों के अनुसार कम पानी और जल्दी बढ़ने वाले वृक्षों और पौधों को लगाने में प्राथमिकता दी जाएगी।

0000

मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए आज देशभर में नीट यूजी परीक्षा का आयोजन किया गया। ये परीक्षा देशभर के पांच हज़ार से ज़्यादा केंद्रों पर हुई। विदेशों में भी इस परीक्षा के लिए 13 शहरों में केन्द्र बनाए गए थे। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए के अनुसार, परीक्षा के लिए 23 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया। प्रदेश के 25 शहरों में नीट यूजी परीक्षा का आयोजन हुआ। सबसे ज्यादा जयपुर में 90 परीक्षा केन्द्र बनाये गये। इस परीक्षा के जरिये देश के मेडिकल कॉलेजों में करीब ढाई लाख सीटों पर दाखिल होंगे। इसमे एमबीबीएस, बीडीएस, आयुर्वेद, पशु चिकित्सा और नर्सिंग कोर्स शामिल है।

000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने आज बांसवाडा के बागीदौरा विधायक जयकृष्ण पटेल को रिश्वत मामले में जयपुर से गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम ने उन्हें उनके ज्योति नगर स्थित सरकारी आवास से पूछताछ के लिए डिटेन किया। एसीबी के महानिदेशक रविप्रकाश मेहरडा ने आज जयपुर में एसीबी मुख्यालय में प्रेस वार्ता में बताया कि विधायक पटेल पर एक निजी कंपनी से कार्य करवाने के एवज में ढाई करोड़ रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप है। शिकायत मिलने के बाद ब्यूरो ने मामले का सत्यापन कर सर्विलांस पर निगरानी शुरू की।

....

गौरतलब है कि भारत आदिवासी पार्टी के विधायक जयकृष्ण पटेल ने 2024 के उपचुनाव में बागीदौरा सीट से जीत हासिल की थी।

00000

सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा है कि वेव्स में भाग लेने वाला प्रत्येक क्रिएटर बेहतर कलाकार बनकर जा रहा है। आज मुंबई में वेव्स के दौरान आयोजित सांस्कृतिक सत्र को संबोधित करते हुए श्री जाजू ने कहा कि जिन संगीतकारों ने क्रिएट इन इंडिया चैलेंज–सीआईसी में भाग लिया उन सभी ने अपने प्रदर्शन से भारत के सार को दर्शाया है। उन्होंने कहा कि सरकार सीआईसी के सभी विजयी संगीतकारों को भविष्य के अंतरराष्ट्रीय दौरों और प्रदर्शनों के लिए शामिल करेगी। उन्होंने कहा कि वेव्स ने ऐसे समय में ऐसी अनूठी प्रतिभाओं को सामने लाने में मदद की है, जब भारत में ऐसे पेशेवर बैंड की कमी है जो वैश्विक मंच पर भारत के सार को प्रदर्शित कर सकें।

00000

प्रदेश के बाघ अभ्यारण्यों में बाघों का कुनबा बढने का सिलसिला जारी है। सवाईमाधोपुर के रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान से एक बार फिर खुशखबर है। वहां विचरण करने वाली बाघिन टी–111 शक्ति अपने दो शावकों के साथ नजर आई है। इस सूचना के बाद वन विभाग के अधिकारियों ने क्षेत्र की प्रभावी मॉनिटरिंग के निर्देश दिए है।

.....

00000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय रहने से कई जिलों में आज भी मौसम का मिजाज बदला हुआ है। राजधानी जयपुर सहित कई स्थानों पर बादल छाये हुए है। श्रीगंगानगर में कल देर रात हुई बारिश और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि के बाद आज दोपहर बाद एक फिर एक बार तेज हवा का दौर शुरू हो गया। हनुमानगढ़ जिले में आज कई स्थानों पर बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आज से लेकर सात मई तक राज्य के कई स्थानों पर तेज हवा चलने मेघगर्जन के साथ बारिश होने का पूर्वानुमान हैं। जोधपुर, उदयपुर और पाली जिलों में 5 से 7 मई के बीच तेज बारिश होने की संभावना है। केन्द्र के अनुसार अगले एक सप्ताह राज्य में लू चलने की संभावना नहीं है। वहीं विभाग ने खराब मौसम के दौरान लोगों से खुले में जाने से बचने खासकर खेतों और बिजली के खम्भो के पास नहीं जाने की सलाह दी है।

00000